काशी विद्यापीठ में हुआ विशाल व्यापारी सम्मेलन, प्रमोद वर्मा के साथ सैकड़ो हुए शामिल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार शाम को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्रीय संयोजक विक्रम सिंह के नेतृत्व में काशी विद्यापीठ अध्ययन सभागार में विशाल व्यापारी सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें गाजीपुर जनपद के जिला संयोजक प्रमोद वर्मा के साथ सैकड़ो व्यापारियों सहित अन्य जिलों के व्यापारियों ने सहभागिता किया। प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम के मुख्यातिथि पंकज चौधरी को अंगवस्त्र और श्रीराम जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को व्यापार के क्षेत्र में प्रथम और देश को आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा मोदी जी ने आज उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हर क्षेत्र में

अथक प्रयास किए हैं। आज हम मैन्युफैक्चरिंग की दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले देश हैं। विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही है और आज वह "मेक इन इंडिया" के नाम से अपने प्रोडक्ट को बना रही हैं। मोदी ने व्यापारियों को तमाम टैक्सों से मुक्ति दिलाया और "वन टैक्स वन नेशन" जीएसटी लागू किया। इनकम टैक्स की अनेक परेशानियों से दूर किया और व्यापार के लिए हर प्रदेशों में व्यापारियों को उद्योग लगाने के लिए प्लेटफार्म तैयार किया। उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा व्यापारियों के लिए प्रदेश की योगी सरकार तमाम उपक्रम लगा रही है। जिस प्रदेश को अपराधियों का प्रदेश जाना जाता था और व्यापारी अपना निवेश उत्तर प्रदेश में नहीं करना चाहते थे, उस प्रदेश को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम प्रदेश बना दिया। आज अपराधी या तो जेल में है या ऊपर भेज दिए गए। व्यापारियों को पूर्ण रूप से यूपी सरकार सुरक्षा प्रदान कर रही है और उनके निवेश के लिए बैंकों से सहयोग, सब्सिडी, बिजली, हाईवे की उचित व्यवस्था कर रही है, जिससे हमारे व्यापारियों की समृद्धि हो सके और इस प्रदेश में लोगों को अधिक से अधिक उद्योगों के माध्यम से नौकरियां मिल सके। आए हुए सभी अतिथियों, व्यापारियों का क्षेत्रीय संयोजक विक्रम सिंह ने स्वागत अभिनंदन और आभार प्रकट किया और कहा आज व्यापारी प्रदेश में बिना डर भी के सम्मान के साथ अपना व्यापार कर रहा है। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र जायसवाल, डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड चेयरमैन सुनील सिंघी, विजय जायसवाल, रामकृष्ण श्रीवास्तव, गाजीपुर जिला संयोजक प्रमोद वर्मा, मनोज सिंह, अशोक गुप्ता, श्री प्रकाश केसरी, धर्मेंद्र चौरसिया, लल्लू सेठ, विजय गुप्ता, अजय विक्रम सिंह, बलिराम मौर्य, अनिल वर्मा, राजन शर्मा, अमित जायसवाल, यशवंत वर्मा, रामाधार गुड्डू प्रधान, चंदन सर्राफ,दीपक गुप्ता, वीरेंद्र यादव सहित सैकड़ो की संख्या में गाजीपुर के व्यापारियों ने व भारी संख्या में अन्य व्यापारियों ने सहभागिता किया।

मोबाइल नंबर और पहचान पत्र की मदद से हो जाएगा टीकाकरण

प्रखर कुशीनगर। टीकाकरण सत्र पर गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण भारत सरकार के यूविन पोर्टल के जरिये सिर्फ मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से हो जाएगा। यूविन पोर्टल के बारे में जानकारी देने के लिए बुधवार की देर शाम स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूएनडीपी के सहयोग से सीएमओ कार्यालय सभागार में स्वास्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दीप प्रज्वलित करने के बाद जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.संजय गुप्ताने बताया कि यूविन पोर्टल की एक विशेषता यह भी है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लग गया तो अगले टीके के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर अगल टीका कब ड्यू है का भी संदेश जाएगा। उन्होंने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत लाभार्थी को सिर्फ एक मोबाइल नंबर और कोई एक पहचान पत्र देकर पंजीकरण करवाना है। कोविड टीकाकरण के समय जितने पहचान पत्र मान्य थे, वह सभी यूविन एप पर भी मान्य होंगे डीआईओ ने बताया कि इस पोर्टल को शुरू करने का उद्देश्य शत प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थियों के अनुसार सूचना एवं देय

टीकों की रियल टाइम स्थिति की जानकारी प्राप्त करनी है। इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी को यह सुविधा होगी कि वह घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर सकता है। यूविन पोर्टल द्वारा भी टीकाकरण के बाद डिजिटल प्रमाण पत्र मिल जाएगा। आया उन्होंने यह भी कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अपने अपने ब्लॉक में एएनएम और आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित करें। प्रशिक्षण यूएनडीपी के प्रोजेक्ट आफिसर राजीव रंजन, वीसीसीएम सत्य प्रकाश द्विवेदी एवं नागेन्द्र पांडेय यूविन पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी देते बताया कि यूविन पर पंजीकरण के बाद गर्भवती और बच्चे का टीकाकरण देश में कहीं भी हो जाएगा तथा उसे दुबारा पंजीकरण नही करना होगा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सिद्धनाथ तिवारी, सभी ब्लाकों के बीपीएम, मोतीचक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मद्धेशिया, यूनिसेफ के डीएमसी शाहबाज मिनहाज, बबिता सिंह (सीएचओ) परिवार नियोजन कार्यक्रम सामग्री प्रबंधक संजीव जायसवाल प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

हम जमाने से साथ अल्पसंख्यकों के कार्यक्रम में बोले पालघर प्रमुख सलीम खान साहब

प्रखर पालघर। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार पालघर जिले केल बोईसर कस्बे में अल्पसंख्यक कार्यकताओं की बैठक पालघर विधायक माननीय श्रीनिवास वनगा साहेब, शिव सेना उपनेता माननीय राजेश भाई शाह साहेब, पालघर लोकसभा संयोजक माननीय नवीनजी दुबे साहेब, पालघर जिला प्रमुख माननीय वसंत चव्हाण साहेब, अल्पसंख्यक पालघर जिला प्रमुख माननीय सलीम आर खान साहेब, उपजिला प्रमुख सुशील चूरी साहब, युवा सेना जिला प्रमुख सौरभ अप्पा साहेब पालघर जिला महिला संघ लक्ष्मी चांदनी, अल्पसंख्यक तालुका प्रमुख फैज खैरानी साहब, बोईसर

शहर अध्यक्ष मा. शाहिद तुरिया साहब की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के निर्देश पर अल्पसंख्यक समुदाय प्रमुख पालघर सलीम खान पार्टी शिवसेना मुंबई में शिव सेना अल्पसंख्यक मुस्लिम बैठक की, कहाँ कि हम लोग इस राज्य में साथ मे रहते हैं. लेकिन कुछ लोग हमारे बीच में डर पैदा करते है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले कहते हैं कि शिवसेना मुस्लिम विरोधी है. कार्यक्रम के दौरान पालघर प्रमुख शिन्दे गुट के नेता सलीम खान साहब ने कहा कि जब तक हम करीब नहीं आएंगे, तब तक कैसे पता चलेगा कांग्रेस फुट और डर फैलाने का काम करती है, और बोले हम सब एक दूसरे के साथ मिलकर त्योहार मानते हैं।

श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के अलग-अलग प्रसंग को सुनकर भक्तों की आंखें भर आईं

प्रखर गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा के वार्ड नं 11 परशुराम नगर ईटार पाण्डेय में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आखिरी दिन शुक्रवार को कथा व्यास उमाशंकर शास्त्री व श्याम सुंदर महराज ने विभिन्न प्रसंगों पर लोगों को कथा का रसपान कराया।उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। सुभद्रा हरण एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्री कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। जो अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। इटार पाण्डेय गांव में चल रहे नौ दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कथा व्यास पीठाधीश्वर ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण

करता है उसका जीवन तर जाता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेन्द्र पान्डेय, सूर्यमुखी देवी के अतिरिक्त राम प्रकाश पाण्डेय,गोलू पान्डेय, रंगनाथ पान्डेय, जयराम शर्मा,सर्वेश पान्डेय, शत्रुघ्न पान्डेय, श्रवण पान्डेय, अरूणेश पान्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

न्याय न मिलने पर राष्ट्रपति को लिखा पत्र

प्रखर महराजगंज। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र बृजमनगंज के गुजरौलिया निवासी भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नन्हे सिंह द्वारा दिनांक 06/03/2024 को अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि बार बार मुझ पर मिथ्या आरोप लगाया जा रहा है जिससे मैं और मेरा परिवार पूरा आहत हैं। मजबूर होकर राष्ट्रपति, प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर न्याय की मांग रहा हूं।नन्हे सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि बृजमनगंज के मिश्रौलिया में स्थित राम जानकी मंदिर की भूमि पर एक अपराधिक ब्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है।अभिलेखों में जालसाजी कर अपने नाम दर्ज करा कर कब्जा किया गया है ।पूर्व में एसडीएम एवं लेखपाल द्वारा मौके पर जांच भी किया गया था तथा संबंधित अधिकारियों ने उचित कार्यवाही की बात की परंतु अभी तक कुछ नहीं हुआ जिसका साक्ष्य भी प्रस्तुत किया।दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा जिसके लिए दो वर्षो से विभिन्न अधिकारियों को पत्र दे कर कब्जा मुक्त कराने व कब्जा धारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है। जिसके क्रम में छह मार्च 2023

को प्रमुख सचिव द्वारा जिलाधिकारी को राम जानकी मंदिर परिसर की भूमि पर कराए गए अवैध निर्माण को तत्काल हटवा कर कब्जाधारियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। जिसमे तत्कालीन जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के बाद आरोप सही पाए जाने के बाद भी कब्जा धारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कब्जा धारी पर दर्जनों मुकदमे के बावजूद खुले आम घूम रहा है।ऐसे में उन्हें जान माल का खतरा है।मृतक मेवाती के मामले पर सिंह ने कहा कि मोहनलाल से जमीन का बैनामा कराया था।उन्होंने कहा कि हमारा उसका 2016 से मुकदमा चल रहा था और हार्ट अटैक से 2024 सिद्धार्थ नगर में मृत्यु होती हैं और शव को बृजमनगंज थाना क्षेत्र मिश्रौलिया लाकर अराजक तत्वों द्वारा बदनाम करने की कोशिश की गई आज भी उस जमीन पर स्टे चल रहा है।नन्हे सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा और सपा टेस्ट के कुछ अधिकारी आज भी योगी सरकार मे बचे हैं जो इन माफियाओं को बचाने का प्रयास कर रहे हैं ऐसे अधिकारियों सहित उक्त ब्यक्ति के खिलाफ विधिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही की मांग की।

11 एनडीआरएफ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया गया

प्रखर गोरखपुर। महानगर के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया 11 एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 11 एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट संतोष कुमार द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोरखपुर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में अपने पौरुष के बल पर पहचान बनाने वाली मात्र मंडली को आमंत्रित करके उनके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट श्री संतोष कुमार ने कहा कि समाज में आज महिलाओं की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर है। उन्होंने कहा कि हम लोग रोज इन महिलाओं से कुछ न कुछ सीखते हैं। आज का यह सम्मान समारोह आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि हम लोग इनसे कुछ सीख सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सक्षम के महानगर अध्यक्ष न्यूरोसर्जन डॉक्टर

मुकेश शुक्ला ने महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इनके सहनशक्ति को लेकर एक अच्छी कहानी सुनाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीच में कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार एवं अतिथि के रुप मे आमांत्रित बीनू मिश्रा जी ने महिलाओं के संघर्ष की गाथा के साथ समाज में इनके भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डॉ मीनाक्षी अवस्थी, सिनियर रिपोर्टर बिनू मिश्रा, सक्षम के प्रांतीय उपाध्यक्ष रोली नारायण, स्वालम्बन प्रमुख अनीता शर्मा,श्रीमती पूनम और संगीता देवी को एनडीआरएफ के निरीक्षक गोपी गुप्ता एवं निरीक्षक सुधीर कुमार व एनडीआरएफ के अन्य रेस्क्यू द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांत सह सचिव योगेश पान्डे ने सक्षम के तरफ से एनडीआरएफ को आभार प्रकट करते हुए कहा कि एनडीआरएफ केवल आपदा में ही नहीं कार्य करता है बल्कि समरस्ता का भाव लेकर एक अच्छे समाज का निर्माणभी करता है। उन्होंने डीप्टी कमांडेंट संतोष जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज इस तरह का आयोजन होने से महिलाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलती है। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजुद रहे जेडी मिश्रा जी ने भी सबका आभार प्रकट किया। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से समाज मे जागृति आति है उसीको लेकर आज एनडीआरएफ के जवानों द्वारा आजका कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जो महिलाओं के प्रति सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है।

समुदाय के सक्रिय भागीदारी से ही होगा सर्वांगीण विकास : विनोद मिश्रा

पिंडरा। समुदाय के सक्रिय भागीदारी से ही सतत सर्वांगीण विकास संभव है। इसके लिए सभी को जागरूक होने के साथ जैविक खेती के साथ स्वास्थ्य व शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें समग्र ग्रामीण विकास परियोजना अंतर्गत किए गए कार्यों के हस्तांतरण के दौरान पिंडरा ब्लाक के नंदापुर गांव सभा में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए बीईओ पिंडरा विनोद मिश्रा ने कही। इस दौरान पिछले तीन सालों में एचडीएफसी बैंक और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा किए गए विकासीय कार्यों में प्राथमिक विद्यालय हथियार में बैंक के सहयोग से स्मार्ट क्लास, शौचालय का पुनरुद्धार, टीएलएम, मिनी साइंस लैब, बाला पेंटिंग खेल के समान आदि के निरंतर उपयोग और बच्चों के विकास पर चर्चा भी हुई। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बैंक के सतत खेती को लेकर किए गए कार्यों में खुशी व्यक्त की गई और जैविक खेती को काफी सराहा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के अजय सिंह, दीनानाथ सिंह, सुनील कुमार , सरिता सिन्हा अंशु सिंह, सुमन देवी, ममता समेत अनेक अध्यापक किसान एवं ग्रामीण महिलाए उपस्थित रही।

संक्षिप्त खबरें

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप चौबे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ अन्नदाताओं को दिया समर्थन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विधानसभा में कई दिन से धरने पे बैठे हमारे किसान भाइयों का आज जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप चौबे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ अन्नदाताओं को समर्थन दिया।बता दे की आज किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिलीप चौबे ने काशीद्वार परियोजना के नाम पे किसान भाईयों का जमीन अधिग्रहण करने की परियोजना के अंतर्गत महीनों से धरने पे बैठे किसान का समर्थन दिया और किसानों को अस्वस्थ किया की कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों के साथ खड़ी थी खड़ी है और खड़ी रहेगी। जब तक काशीद्वार परियोजना सरकार वापस नहीं लेती तब तक हम सब कांग्रेसजन अन्नदाताओं के साथ खड़े रहेंगे।कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में राजीव राम,ईश्वर चांद पटेल, संजय सिंह,चक्रवर्ती पटेल,विनोद यादव,दिना सिंह,रविन्द्र यादव,राकेश कन्नौजिया राजेंद्र पटेल आदि लोग थे।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी को मिल रही फोन पर धमकी

प्रखर सहजनवां गोरखपुर। सरकारी देसी शराब की दुकान के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा महंगा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी को मिल रही धमकियां। मिली जानकारी के अनुसार सहजनवां विधानसभा के पर्व प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्य निवासी ग्राम रेवडा. ने 8 मार्च दिन शुक्रवार को हरपुर-बुदहट थाना में शिकायत दर्ज कराकर खुद के जान-माल का खतरा बताया है। प्रार्थी ने थाने में दिये शिकायत-पत्र में बताया है।की सिधौली के नाम से आवटिंत देशी शराब की दुकान को रेवड़ा में संचालित किया जा रहा है जहां सुबह 6 बजे से ही ब्रिक्री चालू कर दिया जाता है,जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी ने बताया कि जनप्रतिनिधि होने के नाते स्थानीय लोगों की मांग पर देसी शराब की दुकान के खिलाफ आवाज उठाई थी उसी कारण नाराज दुकान मालिक मिश्रा नाम व पता अज्ञात द्वारा मुझे फोन पर मारने-पीटने तथा लुटपाट के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही हैं। साथ ही 8 मार्च दिन शुक्रवार को दुकान के मुनीब नागेन्द्र यादव पुत्र त्रिलोकी निवासी ग्राम बैजलपुर द्वारा मेरे घर पर चढ़ कर जातिसूचक शब्दों से भद्दी-भद्दी गालियां दी गई तथा दुकान के खिलाफ दुबारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत हरपुर-बुदहट-थाने पर की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। उक्त मामले के संदर्भ में बात करने पर थाना प्रभारी हरपुर-बुदहट विशाल उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है शिकायत के आधार पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

एनडीआरएफ की मदद से कुआँ में डूबे व्यक्ति को निकाला गया बाहर, बचायी जान



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। गुरुवार की शाम लगभग 4:30 बजे कैंट थाना के नजदीक कुएं में एक व्यक्ति गिर गया था जो की पानी से भरा हुआ था घटना की जानकारी थाना प्रभारी एवं जिला प्रशासन की ओर से एनडीआरफ वाराणसी को मिली। एनडीआरएफ टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर गोताखोर के कठिन प्रयास एवं रस्सी बचाव तकनीक के माध्यम से डूबे व्यक्ति को बाहर निकाला और स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया । व्यक्ति का नाम आशीष भारती, आयु 24 वर्ष, सदर बाजार वाराणसी का निवासी है।

सद्भावना कप अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न टीमों नें दिखाई प्रतिभा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। चार दिवसीय सद्भावना कप अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का पहला मैच सेल एकेडमी उड़ीसा एवं करमपुर के मध्य खेला गया जिसमे करमपुर 4-2 से जीत दर्ज कर विजयी रहीं। दूसरा मैच गाजीपुर एवं मऊ के बीत खेला गया जिसमे गाजीपुर 6- 3 से विजयी हुईं। तीसरा मैच उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज एवं साईं अलवर राजस्थान के मध्य खेला गया' मैच के दौरान निर्धारित समय में एकतरफा मुकाबले में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज नें साईं अलवर राजस्थान पर 04-1बढ़त बनाकर से एकतरफा जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का चौथा मैच रायसेन मध्य प्रदेश एवं विवेक एकेडमी वाराणसी के मध्य खेला गया समाचार भेजे जाने तक विवेक एकेडमी वाराणसी 1-0 की बढ़त पर रहीं। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका में हॉकी इंडिया के तरफ से रमीज कुरैशी एवं मनीष कुमार द्विवेदी ने निभाई तथा टेक्निकल टेलब पर अमिताभ गौतम, स्कोरिंग जज संदीप पाठक एवं टाइमिंग जज के लिए सूर्य प्रताप सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्यासुद्दीन आजाद, अब्दुल मजीद, नफीस अहमद, सर्वदेव यादव, दिनेश यादव, शाहजहां खान, , अकील अहमद ,हीरा यादव, आदिल, राजेश प्रजापति, राजन प्रजापति , धीरज सिंह, मो0 इलियास, समशी, रइस अहमद (राजू), आशिफ इकबाल, मोईन, करन एवं अन्य खिलाड़ीगण एवं खेल प्रेमी तथा भारी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं